**Series SKS/1/C**

कोड नं. **59/1/1**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 12 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 35 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains 12 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 35 questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1 – 10** तक **एक** अंक के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **11 – 20** तक **दो** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **21 – 30** तक **चार** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **31 – 35** तक **छः** अंकों के हैं । इन प्रश्नों के उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **30** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number **1 – 10** are of **1** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii)* *Questions number **11 – 20** are of **2** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv)* *Questions number **21 – 30** are of **4** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v)* *Questions number **31 – 35** are of **6** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi)* *Question number **30** is a map-based question. Write its answers in your answer book.*

**1.** 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' क्या था ? *1*

What was 'Operation Iraqi Freedom' ?

**2.** वर्चस्व से क्या अभिप्राय है ? *1*

What is meant by hegemony ?



collegedunia
India's largest Student Review Platform

3. निम्नलिखित वाक्य को सही कर के पुनः अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : *1*

संयुक्त राष्ट्र संघ 25 अक्टूबर, 1943 में स्थापित किया गया ।

Correct the following statement and re-write in your answer-book :

U.N. was founded on 25 October, 1943.

4. सुरक्षा से क्या अभिप्राय है ? *1*

What does security imply ?

5. रजवाड़ों से क्या अभिप्राय था ? *1*

What was meant by Princely States ?

6. स्वतंत्र भारत का प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त कौन था ? *1*

Who was the first Chief Election Commissioner of free India ?

7. शाह आयोग की स्थापना क्यों की गई ? *1*

Why was Shah Commission appointed ?

8. 1970 के दशक में नक्सलवादी कौन-से राज्य में बहुत प्रभावशाली थे ? *1*

In which State were the Naxalites very strong in 1970s ?

9. चिपको आंदोलन का सबसे नया पहलू क्या था ? *1*

What was the most novel aspect of Chipko Movement ?

10. केन्द्र में गठबंधन सरकारों का दौर कब शुरू हुआ ? *1*

When did the era of coalition governments at the centre begin ?

11. शीत युद्ध के दौरान सैन्य गठबन्धन किस प्रकार छोटे देशों के लिए लाभकारी थे ? *2*

How were the military alliances beneficial to the smaller nations during the Cold War ?

12. पश्चिमी गठबन्धन एवं पूर्वी गठबन्धन की विचारधारा में मुख्य अन्तर क्या था ? *2*

What was the main difference in the ideology of the Western alliance and that of Eastern alliance ?

13. 1990 में, इराक के हाथों कुवैत को किस प्रकार मुक्त कराया गया ? *2*

How was Kuwait liberated from Iraq in 1990 ?



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**14.** कौन-से चार समान चिह्न, यूरोपीय संघ को एक राष्ट्र-राज्य जैसा बनाते हैं ? $4\times\frac{1}{2}=2$

Which four common symbols make the European Union look like a nation-state ?

**15.** वैश्वीकरण के किन्हीं दो राजनीतिक प्रभावों का उल्लेख कीजिए । $2\times1=2$

Mention any two political consequences of globalisation.

**16.** आज़ादी के बाद, केन्द्रीय नेतृत्व को भाषा के आधार पर राज्य बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी ? 2

After independence, why did the central leadership feel like carving out states on the basis of language ?

**17.** आज़ादी के समय भारत के सामने विकास के कौन-से दो मॉडल थे ? $2\times1=2$

On the eve of independence, which two models of modern development did India have before it ?

**18.** प्रधान मंत्री नेहरू की विदेश नीति के किन्हीं दो प्रमुख उद्देश्यों को उजागर कीजिए । $2\times1=2$

Highlight any two major objectives of Prime Minister Nehru's foreign policy.

**19.** किन्हीं दो दल-आधारित आंदोलनों का उल्लेख कीजिए । $2\times1=2$

Mention any two party-based movements.

**20.** दलितों की किन्हीं दो प्रमुख माँगों का उल्लेख कीजिए । $2\times1=2$

Mention any two demands of the Dalits.

**21.** गुट-निरपेक्षता में कौन-से आधारभूत मूल्य और विचार शामिल हैं जिनके कारण यह शीत युद्ध की समाप्ति के बाद भी प्रासंगिक है ? 4

Which core values keep non-alignment relevant even after the Cold War has ended ?



collegedunia India's largest Student Review Platform

**22.** एक अधिराष्ट्रीय संगठन के रूप में, यूरोपीय संघ के राजनैतिक और कूटनीतिक प्रभावों की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain the political and diplomatic influence of European Union as a supra-national organisation.

**23.** भारत की सुरक्षा की रणनीति के किन्हीं चार घटकों की व्याख्या कीजिए । *4×1=4*

Explain any four components of India's security strategy.

**24.** 2005 में सदस्य-राष्ट्रों द्वारा संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए उठाए गए कदमों में से किन्हीं चार का वर्णन कीजिए । *4×1=4*

Describe any four steps suggested by the member-states of the United Nations (U.N.) in 2005 in order to make it more relevant.

**25.** 'सांझी संपदा की ज़िम्मेदारी साझी, भूमिकाएँ अलग-अलग हैं ।' इस कथन की व्याख्या कीजिए । *4*

'Global Commons have not only common but differentiated responsibilities.' Explain the statement.

**26.** भारत में वैश्वीकरण के प्रतिरोध की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain the resistance to globalisation in India.

**27.** 1989 – 1992 के दौरान, ऐसे किन्हीं चार महत्त्वपूर्ण घटनाक्रमों की व्याख्या कीजिए जिनका भारत की राजनीति पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ा । *4×1=4*

Explain any four crucial developments during 1989 – 1992 which left an everlasting effect on the Indian politics.

**28.** अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा से सम्बन्धित किन्हीं चार राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का वर्णन कीजिए । *4×1=4*

Describe any four Directive Principles of State Policy related to international peace and security.

**29.** आप कहाँ तक सहमत हैं कि सरकार ने 1975 – 1977 के दौरान, आपातकाल में अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया था ? व्याख्या कीजिए । *4*


How far do you agree that the government had misused its emergency powers during 1975 – 1977 ? Explain.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**30.** दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में कुछ राज्य (A) (B) (C) (D) के द्वारा दर्शाए गए हैं । इन के नाम नीचे दी गई तालिका के रूप में अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए और यह भी लिखिए कि वे पूर्व संघ-शासित क्षेत्र था या विभाजन से प्रभावित था : *4×1=4*

**INDIA** POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES **भारत** राजनैतिक और पड़ोसी देश




| *प्रयोग किया गया अक्षर* | *राज्य का नाम* | *पूर्व संघ-शासित क्षेत्र/विभाजन से प्रभावित* |
|---|---|---|
| (A) | | |
| (B) | | |
| (C) | | |
| (D) | | |


collegedunia
India's largest Student Review Platform



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

Identify the States marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ in the given outline map of India. Write their correct names in your answer-book in the tabular form as given below stating whether they were affected by partition or were once a Union Territory :

**INDIA** POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश




| *Alphabets used* | *Name of the State* | *Affected by Partition or were once a Union Territory* |
|---|---|---|
| Ⓐ | | |
| Ⓑ | | |
| Ⓒ | | |
| Ⓓ | | |



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** only in lieu of Question No. 30 :*

(क) ऐसे दो वर्तमान राज्यों के नाम लिखिए जो पहले संघ शासित राज्य थे । *2+2=4*

(ख) ऐसे दो वर्तमान राज्यों के नाम लिखिए जो 1947 के विभाजन से प्रभावित हुए थे ।

(a) Which two present states were once Union Territories ?

(b) Write the names of two present states which were affected by the partition of India in 1947.

**31.** अप्रैल 1961 में सोवियत संघ को यह चिंता सता रही थी कि अमरीका द्वारा क्यूबा पर आक्रमण करके क्यूबा के राष्ट्रपति फ़िदेल कास्त्रो का तख्ता पलट हो जाएगा ।... सोवियत संघ के नेता निकिता ख्रुश्चेव ने क्यूबा को रूस के सैनिक अड्डे के रूप में बदलने का फैसला किया तथा क्यूबा में मिसाइलें तैनात कर दीं । क्यूबा में सोवियत संघ द्वारा परमाणु हथियार तैनात करने की भनक अमरीकियों को तीन हफ़्ते बाद लगी । वे डर रहे थे कि दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध शुरू न हो जाए । ऐसी स्थिति में यह लगा कि युद्ध होकर रहेगा । इसी को 'क्यूबा मिसाइल संकट' के रूप में जाना गया । संघर्ष की आशंका से अमरीका और सोवियत संघ के साथ सारा विश्व घबरा उठा ।

ऊपर दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

***प्रश्न :***

(i) अमरीका द्वारा क्यूबा पर आक्रमण से सोवियत संघ क्यों विचलित था ?

(ii) अमरीकी कार्यवाही के जवाब में निकिता ख्रुश्चेव ने क्या किया ?

(iii) दोनों महाशक्तियाँ परमाणु युद्ध के शुरू होने से क्यों हिचकिचा रहीं थीं ? *3×2=6*

**अथवा**

रूसी मुद्रा के मूल्य में नाटकीय ढंग से गिरावट आई । मुद्रास्फीति इतनी ज़्यादा बढ़ी कि लोगों की जमापूँजी जाती रही । सामूहिक खेती की प्रणाली समाप्त हो चुकी थी और लोगों को अब खाद्यान्न की सुरक्षा मौजूद नहीं रही । रूस ने खाद्यान्न का आयात करना शुरू किया । सन् 1999 में वास्तविक 'सकल घरेलू उत्पाद' 1989 की तुलना में कहीं नीचे था । पुराना व्यापारिक ढाँचा तो टूट चुका था लेकिन इसकी जगह कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो पायी थी । समाज कल्याण की पुरानी व्यवस्था को क्रम से नष्ट किया गया । सरकारी रियायतों के खात्मे के कारण ज़्यादातर लोग ग़रीबी में पड़ गए । मध्य-वर्ग समाज के हाशिए पर आ गया



collegedunia
India's largest Student Review Platform

और अकादमिक-बौद्धिक कामों से जुड़े लोग या तो बिखर गए या बाहर चले गए । कई देशों में एक 'माफ़िया वर्ग' (जरायमपेशा लोग) उभरा और उसने अधिकतर आर्थिक गतिविधियों को अपने नियंत्रण में ले लिया । निजीकरण ने नई विषमताओं को जन्म दिया । पूर्व सोवियत संघ में शामिल रहे गणराज्यों और खासकर रूस में अमीर और ग़रीब लोगों के बीच तीखा विभाजन हो गया । पहले की व्यवस्था के विपरीत, अब धनी और निर्धन लोगों के बीच बहुत गहरी आर्थिक असमानता थी ।

ऊपर दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

*प्रश्न :*

(i) रूसी मुद्रा का नाम क्या है ?

(ii) सामूहिक खेती प्रणाली क्या होती है ?

(iii) सामूहिक खेती प्रणाली के समाप्त होने से रूसी जनता पर क्या विपरीत प्रभाव पड़ा ?

(iv) जी.डी.पी. (GDP) का विस्तृत रूप लिखिए ।

(v) 'सरकारी रियायतों के खात्मे' का क्या मतलब है ?

(vi) अवतरण में लिखित 'पहले की व्यवस्था' से क्या अभिप्राय है ? *6×1=6*

In April 1961, the Soviet Union was worried that the United States of America would invade Cuba and overthrow the Cuban President Fidel Castro .... Nikita Khrushchev, the leader of the Soviet Union, decided to convert Cuba into a Russian base. He placed nuclear missiles .... Three weeks after the Soviet Union had placed the nuclear weapons in Cuba, the Americans became aware of it. They became reluctant to do anything that might lead to full scale war between the two countries .... A clash seemed imminent in what came to be known as 'Cuban Missile Crisis.' The prospects of this clash made the whole world nervous.

Read the passage given above carefully and answer the questions that follow :

***Questions :***

(i) Why was the Soviet Union worried about America invading Cuba ?



collegedunia India's largest Student Review Platform

(ii) In response to the action taken by America, what did Nikita Khrushchev do ?

(iii) Why were the two super powers reluctant to the start of nuclear war ?

**OR**

The value of the Russian currency declined dramatically. The rate of inflation was so high that people lost all their savings. The collective farm system disintegrated leaving people without food security, and Russia started to import food. The real GDP of Russia in 1999 was below what it was in 1989. The old trading structure broke down with no alternative in its place. The old system of social welfare was systematically destroyed. The withdrawal of government subsidies pushed large sections of the people into poverty. The middle classes were pushed to the periphery of society, and the academic and intellectual manpower disintegrated or migrated. A mafia emerged in most of these countries and started controlling many economic activities. Privatisation led to new disparities. Post-Soviet states, especially Russia, were divided between rich and poor regions. Unlike the earlier system, there was now great economic inequality between people.

Read the passage given above carefully and answer the questions that follow :

***Questions :***

(i) Name the Russian Currency.

(ii) What is meant by 'collective farming' ?

(iii) How did the disintegration of collective farming adversely affect the Russian people ?

(iv) Give full-form of GDP.

(v) What does the withdrawal of subsidy mean ?

(vi) What does 'the earlier system' referred to in the passage mean ?



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

32. दक्षेस (साउथ एशियन एसोसिएशन फ़ॉर रीजनल कोऑपरेशन) (SAARC), दक्षिण एशियाई देशों द्वारा किस प्रकार बहुस्तरीय साधनों से आपस में सहयोग करने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है ? आकलन कीजिए । *6*

**अथवा**

चीन किस प्रकार एक आर्थिक महा-शक्ति के रूप में उभरा ? आकलन कीजिए । *6*

How is the South Asian Association for Regional Co-operation (SAARC) a major regional initiative by South Asian States to evolve co-operation through multi-lateral means ? Assess.

**OR**

How did China rise to be an economic super-power ? Assess.

33. 1947 में भारत का विभाजन क्यों हुआ ? इसके किन्हीं चार परिणामों की व्याख्या कीजिए । *2+4=6*

**अथवा**

भारत के स्वतंत्र होने से लेकर 1966 तक विरोधी दलों की भूमिका पर प्रकाश डालिए । *6*

What caused partition of India in 1947 ? Explain its any four consequences.

**OR**

Highlight the role of opposition parties from independence of India to 1966.

34. 1970 के दशक में इंदिरा गांधी की सरकार को लोकप्रिय बनाने में किन छः कारकों ने योगदान दिया ? *6×1=6*

**अथवा**

1960 के दशक की कांग्रेस पार्टी के संदर्भ में 'सिंडीकेट' से क्या अभिप्राय है ? सिंडीकेट ने कांग्रेस पार्टी में क्या भूमिका निभाई ? *2+4=6*

Which six factors contributed to the popularity of Indira Gandhi's government in the decade of 1970s ?

**OR**

What does the term 'Syndicate' mean in the context of Congress Party of the sixties ? What role did the Syndicate play in the Congress Party ?



collegedunia India's largest Student Review Platform

**35.** जन-आंदोलन लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं ताकि वे जान सकें कि लोकतन्त्र की संस्थाओं से उनकी क्या आशाएँ हैं ? व्याख्या कीजिए । *6*

**अथवा**

मिज़ो अलगाववादी आंदोलन का वर्णन कीजिए । संविधान के अनुसार विभिन्नताओं का समाहार करते हुए इसे कैसे सुलझाया गया ? *2+4=6*

How do popular movements make people aware of their rights and expectations, which they have from democratic institutions ? Explain.

**OR**

Describe the secessionist movement of Mizos. How, as per the provisions of the Constitution, was it resolved on accommodation of diversities ?

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform